10-02-2023 Regarding timely Allocation of Fertilizers. SPECIAL MENTION (ZERO HOUR) Singh, Shri Rajiv Ranjan (Lalan) Chemicals and Fertilisers

Title: Regarding timely allocation of fertilizers.

श्री राजीव रंजन सिंह ?ललन? (मुंगेर): महोदय, खाद के आवंटन में भारत सरकार की जो गलत नीति है, हम उसकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। मैं बिहार के संदर्भ में कह रहा हूँ कि इस साल रबी के मौसम में भारत सरकार ने खाद की आपूर्ति का जो आकलन किया, उसके मुताबिक 12.70 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आकलन भारत सरकार ने किया। रबी के मौसम में अक्टूबर से लेकर फरवरी तक ज्यादा खाद की जरूरत होती है, क्योंकि वह टॉप ड्रेसिंग का समय होता है। उस समय भारत सरकार ने खाद के कुल आवंटन के 86 प्रतिशत की ही आपूर्ति की। यह 14 प्रतिशत कम आपूर्ति हुई तो उस खाद के संकट के कारण बिहार में अफरा तफरी मच गई। इससे फसल प्रभावित होती है। हम आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करेंगे कि जो खाद के आवंटन का आकलन आप करते हैं, उसके अनुरूप, चाहे रबी का मौसम हो या खरीफ का मौसम हो, समय के अनुसार आप खाद का आवंटन कीजिए ताकि किसानों को सही समय पर खाद मिल सके और फसल प्रभावित न हो। बिहार की अर्थव्यवस्था पूर्णतया: कृषि पर आधारित है। अगर आप खाद की कमी करेंगे, राज्य सरकार कुछ कर नहीं सकती है, खाद पूरा आपके हाथ में है।

महोदय, हम आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करेंगे कि वह खाद आवंटन की नीति में बराबर, समय के अनुरूप आपूर्ति करे।